




**लंबे फॉर्मेट में यह मुमकिन**

खासकर टेस्ट क्रिकेट में गेंद की चमक काफी अहम होती है क्योंकि इससे गेंदबाजों को गेंद स्विंग और रिवर्स स्विंग कराने में मदद मिलती है। अगर क्रिकेट के लंबे फॉर्मेट में इस ऑप्शन को मंजूरी मिल जाती है तो यह बड़ी अजीब बात होगी क्योंकि गेंद पर रेगमाल रगड़ने की कोशिश में ही स्टीव स्मिथ और डेविड वॉर्नर को 2018 में एक साल का प्रतिबंध झेलना पड़ा था और क्रिकेट जगत में उन्हें विलेन की तरह पेश किया गया।

## अब क्रिकेट में बॉल टैंपरिंग को मिल सकती है इजाजत

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। क्या क्रिकेट में बॉल टैंपरिंग को एक अलग तरीके से वैध बनाया जाएगा? सुनकर चौंकिए मत, क्योंकि कोरोना वायरस महामारी के चलते एक खास तरीके से गेंद को कृत्रिम चीज के जरिए चमकाने की इजाजत देने पर विचार किया जा सकता है। जैसा कि क्रिकेट प्रशसंकों को पता है, इस खेल में बॉल को चमकाने के लिए खिलाड़ी अपनी लार या थूक का इस्तेमाल करते हैं और क्रिकेट के खेल में यह एक आम चलन रहा है, लेकिन मौजूदा समय में जो महामारी फैली है उसके कारण क्रिकेटरों को इससे सावधान होना होगा। लेकिन बोलरों के सामने अब समस्या यह है कि इसके बिना गेंद स्विंग कराने का काम उनके लिए अब मुश्किल हो जाएगा। थूक या लार जैसी चीज ना लगा पाने की सूरत में बॉल को चमकाने के लिए अब कृत्रिम पदार्थ के इस्तेमाल की अनुमति देने पर विचार किया जा सकता है, जो कि अंपायरों की निगरानी में होगा। इसे दूसरे शब्दों में इसे गेंद से छेड़खानी की इजाजत देना भी कह सकते हैं।

# पैसा चाहिए तो बॉर्डर पर बंद करो आतंकवाद

**क्रिकेट**

## कपिल देव ने शोएब अख्तर के बहाने पाक को दी नसीहत

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। भारत के पहले वर्ल्ड कप विजेता कप्तान कपिल देव ने शोएब अख्तर के बहाने पाकिस्तान को नसीहत दी है कि अगर उसे पैसा चाहिए तो उसे बॉर्डर पर अपनी गतिविधियों पर रोक लगानी चाहिए। कपिल एक बार फिर कोरोना भारत–पाकिस्तान के बीच फिलहाल मैच होने पर जवाब दे रहे थे।

शोएब अख्तर ने हाल ही में प्रस्ताव रखा था कि कोरोना वायरस के खिलाफ लड़ाई में फंड जुटाने के लिए भारत पाकिस्तान को खाली स्टेडियम में मैच खेलना चाहिए। कपिल देव ने पहले भी अख्तर के इस प्रस्ताव को खारिज कर दिया था। एक बार फिर उनसे सवाल किया गया तो उन्होंने कहा, श्अगर आपको पैसे की कमी है तो बॉर्डर पर जो आपकी ऐक्टिविटीज (पाकिस्तान द्वारा फैलाया जाने वाल आतंकवाद) हैं, उन्हें रोकना चाहिए





और उस पैसे से हॉस्पिटल्स और स्कूल के साथ–साथ और भी जरूरी काम किए जा सकते हैं।

कपिल देव ने यह बातें एक प्रतिष्ठित न्यूज चैनल के यू–ट्यूब कार्यक्रम में यह बातें कहीं। उन्होंने कहा कि इन हालात में मैच के बारे में सोचना बहुत जल्दबाजी है। इस कार्यक्रम में कपिल देव ने भारत सरकार लॉकडाउन की भी तारीफ की। उन्होंने कहा कि इस समय हर देशवासी का फर्ज है कि वह सरकार की घर में रहने की बात मानें। पूर्व कप्तान ने इन दिनों के चुनौतीपूर्ण हालात में मदद के लिए धार्मिक संगठनों से अपील भी की कि वह इस समय धन का दान देकर देश की मदद करें।

गौरतलब है कि पाकिस्तान के पूर्व तेज गेंदबाज शोएब अख्तर ने कपिल देव द्वारा खुद की आलोचना किए जाने का जवाब दिया था। अख्तर ने कोविड–19 महामारी के लिए राहत प्रयासों के तहत भारत–पाक सीरीज का प्रस्ताव रखा था। इस पर वर्ल्ड कप विजेता कप्तान कपिल देव ने उनकी आलोचना की थी। अख्तर ने जवाब देते हुए कहा कि इस महान खिलाड़ी को पैसे की जरूरत नहीं है, पर हर किसी को इसकी जरूरत है।

अख्तर ने भारत और पाकिस्तान के बीच टीवी के लिए तीन मैचों की वनडे सीरीज का प्रस्ताव दिया था, जिससे दोनों देशों में इस महामारी के खिलाफ लड़ाई के लिए फंड जुटाया जा सके। कपिल ने हालांकि अख्तर के प्रस्ताव को खारिज करते हुए कहा था कि भारत को धन की जरूरत नहीं है और एक क्रिकेट मैच के लिए जिंदगियों का जोखिम नहीं उठाया जा सकता।

अख्तर ने कहा, मुझे नहीं लगता कि कपिल भाई उस बात को समझ पाए जो मैं कहने की कोशिश कर रहा था। हर किसी को वित्तीय रूप से नुकसान होगा। यह समय एक दूसरे के साथ मिलकर राजस्व जुटाने का है।

## भारतीय टीम के टेस्ट दौरे के लिए यात्रा पाबंदियों में रियायत दे सकती है ऑस्ट्रेलिया सरकार: रिपोर्ट

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**



मेलबर्न। कोरोना वायरस महामारी के कारण 30 करोड़ के लिए यात्रा पाबंदियों में रियायत दे सकती है। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया को वैश्विक लॉकडाउन के कारण भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। यही नहीं उसने अपने 80 प्रतिशत स्टाफ की भी छंटनी कर दी है। भारतीय टीम के दिसंबर जनवरी के दौरे से उसे राहत मिल सकती है। ऑस्ट्रेलिया की सीमाएं अभी 30 सितंबर तक सील है लेकिन यात्रा संबंधी पाबंदियां आगे भी बढ़ाई जा सकती हैं।

'ईएसपीएन क्रिकइन्फो' की रिपोर्ट के अनुसार ऑस्ट्रेलिया सरकार भारतीय टीम को अगले सत्र में ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए यात्रा संबंधी प्रतिबंधों में छूट देने पर विचार कर रही है ताकि क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया को भारी नुकसान से बचाया जा सके।

रिपोर्ट में कहा गया, 'क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया को इस संदर्भ में सरकार की ओर से सकारात्मक जवाब मिला है।' क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया को इस वित्तीय चक्र में 50 करोड़ डॉलर का राजस्व मिलने की उम्मीद थी जिसमें बड़ी रकम प्रसारण अधिकारों से मिलती है। क्रिकेट अगर सिर्फ टीवी के लिए भी होता है तो उसे पांच करोड़ डॉलर का ही नुकसान होगा।

भारतीय टीम का दौरा अगर रद्द होता है तो नुकसान भारी होगा। ऑस्ट्रेलियाई प्रधानमंत्री स्कॉट मौरिसन ने शुक्रवार को कहा था कि उनकी सरकार खेलों की बहाली के लिए हर विकल्प पर विचार कर रही है।

## अनुष्का को थैंक्स माय लव क्यों बोल रहे विराट कोहली

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान विराट कोहली और साउथ अफ्रीका के पूर्व बल्लेबाज एबी डि विलियर्स इंडियन प्रीमियर लीग में साथ खेलते हैं। दोनों की ऑन ऐंड ऑफ द फील्ड दोस्ती बहुत अच्छी है। रॉयल चौलेंजर्स बैंगलोर में दोनों काफी समय से साथ खेल रहे हैं। दोनों मैदान पर काफी मस्ती करते रहे हैं। ऐसे वक्त में जब कोविड–19 बीमारी के कारण आईपीएल फिलहाल नहीं हो रहा है और सभी खिलाड़ी घर पर ही हैं तो वे तकनीक के जरिए एक–दूसरे से और अपने फैंस के साथ मुखातिब हो रहे हैं। शुक्रवार को दोनों खिलाड़ियों ने इंस्टाग्राम लाइव चौट के दौरान एक दूसरे से बात की।

दोनों आईपीएल को लेकर चर्चा कर रहे थे कि तभी विराट ने बीच में रुककर प्यार से ऊपर देखते हुए कहा, थैंक्स माय लव! जाहिर सी बात है कि यह उन्होंने अपनी पत्नी अनुष्का शर्मा के लिए कहा होगा। विराट के इस प्यारे अंदाज को सोशल मीडिया पर काफी पसंद और शेयर किया जा रहा है। दरअसल विराट जब बात कर रहे थे कि तभी लाइट ऑन होती है, विराट ऊपर देखते हैं और थैंक्स माय लव कहते हैं।

## न्यूज डायरी



### विराट कोहली को अब भी उम्मीद, हो सकता है आईपीएल

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। कोरोना वायरस वैश्विक महामारी के चलते सारी दुनिया में खेल गतिविधियां थम गई हैं। सभी टूर्नामेंट्स या तो रद्द या स्थगित कर दिए गए हैं। क्रिकेट, फुटबॉल, टेनिस और एनबीए, कोई भी इससे अछूता नहीं है। सभी क्रिकेट बोर्ड्स को अपने खेल आयोजनों को रद्द करना पड़ा है। विंबलडन को कैंसल करना पड़ा है और फ्रेंच ओपन भी फिलहाल स्थगित कर दिया है और अगर हालात नहीं सुधरे तो इसे कैंसल भी करना पड़ सकता है। भारत में क्रिकेट की बात करें तो भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने ईरानी कप और साउथ अफ्रीका के खिलाफ वनडे सीरीज रद्द की। इसके साथ ही इंडियन प्रीमियर लीग यानी आईपीएल के 2020 सीजन को भी फिलहाल स्थगित कर दिया है। दुनिया की सबसे बड़ी क्रिकेट लीग को लेकर हालांकि तमाम सवाल जवाब तैर रहे हैं। बीसीसीआई ने हालांकि आईपीएल को कैंसल नहीं किया है। और शायद इसके पीछे की वजह भी यही है कि उसे इस लीग के करवाने को लेकर अब भी उम्मीद है।

### ओलिंपिक खिलाड़ियों, टीमों को 190 करोड़ और देगा आईओसी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** लुसाने। अंतरराष्ट्रीय ओलिंपिक समिति ने तोक्यो ओलिंपिक खेल एक साल के लिए स्थगित होने के कारण खिलाड़ियों और टीमों के अतिरिक्त खर्च की भरपाई के लिए ढाई करोड़ डॉलर (करीब 190 करोड़ रुपये) और देने का फैसला किया है। आईओसी ने कहा कि अतिरिक्त डेढ़ करोड़ डॉलर 185 जरूरतमंद देशों के 1600 खिलाड़ियों को ओलिंपिक खेलों की तैयारी के लिए दि एजाएंगे। इसके अलावा एक करोड़ डॉलर राष्ट्रीय ओलिंपिक समितियों को यात्रा और रहने के बंदोबस्त जैसे खर्च वहन करने के लिए दिए जाएंगे। यह पैसा ओलिंपिक एकजुटता कार्यक्रम के तहत दिया जा रहा है।

### लॉकडाउन में रमजान इम्तिहान नहीं इबादत का मौका हैः इरफान पठान

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। रमजान का महीना शुरू हो गया है। इस महीने में दुनिया भर में मुसलमान रोजा (उपवास) रखते हैं और इबादत करते हैं। भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व ऑलराउंडर इरफान पठान ने इस महीने की सभी को मुबारक दी है। इरफान ने एक वीडियो के जरिए लोगों को घर पर ही रहकर नमाज और कुरान पढ़ने की सलाह दी है। कोविड–19 वैश्विक महामारी के चलते भारत में 3 मई तक लॉकडाउन है और इरफान ने लोगों से इसका पालन करने को कहा है। इरफान ने कहा, श्कुछ लोग कह रहे हैं कि रमजान का यह महीना बहुत मुश्किल से गुजरने वाला है। रब की ओर से इम्तिहान लिए जाएंगे। तो मैं कहूंगा कि यह इम्तिहान नहीं मौका है। मौका अपनी इबादतों में बढ़ोतरी करने का। उन्होंने आगे कहा, कई बार काम के साथ रोजा रखते हुए इबादतें पूरी नहीं हो पातीं इस बार लॉकडाउन के दौरान हम घर में रहेंगे, अगर हम घर में रहेंगे तो हमारे पास वक्त बहुत होगा इबादतें करने का, ज्यादा नमाज और कुरान शरीफ पढ़ने का, हदीसें सुनकर उन पर अमल करने का। अच्छे काम करने का और अपने कमियों पर काबू करने का।

### मैं इतना डिप्रेशन में था कि अपनी कार का भी ऐक्सीडेंट चाहता था

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** मेलबर्न। ऑस्ट्रेलिया के ऑलराउंडर खिलाड़ी मोइजेस हेनरिक्स ने अवसाद के अपने अनुभव को साझा करते हुए कहा कि वह एक बार तो वह आत्महत्या करने के बारे में सोच रहे थे। ऑस्ट्रेलिया के लिए 11 एकदिवसीय, 11 टी20 अंतरराष्ट्रीय और 4 टेस्ट खेलने वाले 33 साल के हेनरिक्स का 2017 में अवसाद का इलाज हुआ था। बता दें हेनरिक्स दूसरे ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी हैं, जिन्होंने डिप्रेशन की बात कबूली है। उनसे पहले पिछले साल ग्लेन मैक्सवेल ने स्वास्थ्य संबंधी ऐसी ही समस्याओं के चलते छह महीने का ब्रेक लिया था। इंडियन प्रीमियर लीग में मुंबई इंडियन्स का प्रतिनिधित्व करने वाले हेनरिक्स ने ओडिनेरोली स्पीकिंग पोडकास्टश् से कहा, अगर आप गूगल पर अवसाद के लक्षणों को देखेंगे तो मैं सभी से बुरी तरह से ग्रसित था। उन्होंने कहा, मुझे याद है मैं बिस्तर पर पड़ा रहता था और खुद ही अलग–अलग दवाइयों को लेने के बारे में सोचता रहता था।